**Regarding four-laning of Tanda-Banda National Highway ? Laid**

श्री लालजी वर्मा **(**अम्बेडकर नगर**) :** टाण्डा-बांदा नेशनल हाईवे 232 जिला अम्बेडकरनगर, सुल्तानपुर, रायबरेली, फतेहपुर एवं बांदा को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण मार्ग है । उक्त मार्ग जिला अम्बेडकरनगर एवं सुल्तानपुर को पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से भी जोड़ता है परन्तु उक्त मार्ग अति जर्जर हो गया है तथा चौड़ाई भी कम है जिसके कारण आम जनता को आने जाने में अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है । अतः अनुरोध है कि जनहित के लोक महत्व को देखते हुए सरकार से मांग है कि उक्त मार्ग को फोर लेन का बनाया जाय ।